ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

दिनांक 05.11.2020

- नगर आयुक्त महोदय ने फिल्म– ''जल है,तो कल है'' की सराहना की गई एव जल संरक्षण का दिया गया संदेश ।
- मिशन शक्ति के अन्तर्गत शहीद पार्क पर किया गया नुक्कड़ नाटक।

नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा श्री रजनीश कश्यप के सम्पादन में बनी फिल्म–''जल है,तो कल है'' की सराहना किया गया। इस फिल्म में नगर आयुक्त महोदय द्वारा अपना संदेश देते हुये कहा कि पानी के संरक्षण करने पर बल दिया गया। आयुक्त महोदय अपने संदेश में कहा कि बिना हवा एवं पानी के धरती पर जीवन सम्भव नही है। जल सरंक्षण हमारे जीवन के लिये बहुत आवश्यक है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगरवासियो से आग्रह किया कि सभी लोग अपने दैनिक जीवन में अपने आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग करें। जल संरक्षण को अपने दैनिक व्यवहार में उतारें तथा खुद जागरूक रहते हुये दूसरो को भी जागरूक करें। उल्लेखनीय है कि सूचना एवं जन सम्पर्क द्वारा पंजीकृत संस्था समीक्षा सांस्कृतिक मंच के निर्देशक प्रेम कुमार शाहजहाँपुर के रहने वाले है तथा महात्मा गाँधी अंतराराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविधालय से थिएटर व फिल्म में एम0ए0 व एमफिल डिग्री लेने के बाद अपने ही शहर में कई सामाजिक मुद्दो को लेकर नाटको व फिल्मों का निर्माण किया है। यह संस्था ज्वलन्त सामाजिक मुद्दो पर कार्य कर रही है। इसी संस्था द्वारा फिल्म जल है तो कल है का निर्माण किया गया है। इस फिल्म में कैमरामैन व सम्पादन का कार्य श्री रजनीश कश्यप द्वारा किया गया है एवं मुख्य भूमिका में श्री रजनीश कश्यप के साथ–साथ, श्री सुमित सक्सेना, श्री हरिओम, श्री नीरज,श्री आयुष, श्री रचिन, श्री मोनू, श्री सूरज निभाई गई है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा इस संस्था के कार्य की सराहना के साथ–साथ स्वच्छता, स्वास्थ्य आदि विषयो पर फिल्म बनाने का सुझाव दिया गया।

- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओ के अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या,छेड़खानी, बाल विवाह, दहेज प्रथा, महिलाओ के सम्मान,महिलाओ के अधिकार एवं सुरक्षा पर केन्द्रित कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है। इस क्रम में आज नगर निगम की टीम द्वारा डी0कम्पाउन्ड के पास बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पार्क में नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम किया गया। यह नुक्कड़ नाटक स्थानीय कलाकारो द्वारा श्री योगेश पाण्डे के निर्देशन मे प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में उपस्थित व्यक्तियो द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं कार्यकम को सरहा गया। इस कार्यक्रम में उपनगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त, श्रीमती रश्मि भारती, स्वच्छता प्रभारी श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव,, श्रीमती पूनम महेरोत्रा, श्री विनय प्रताप सिंह एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर